## खबर संक्षेप

### बच्चों को शत प्रतिशत परिणाम लाने दिलाया संकल्प



**बास्तानार।** दीपावली की छुट्टियों के समाप्त होते ही डिप्टी कमिश्नर गणेश राम शोरी तथा एसडीओ नागवंशी टीम सहित विद्यालय निरीक्षण पर एकलव्य कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करके बच्चों को मेहनत करके शत प्रतिशत परिणाम लाने का संकल्प दिलाया। छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों का स्वागत भव्य तरीके से किया। शौरी ने सरस्वती पूजन करके पूरे विद्यालय का निरीक्षण किया। बनिरीक्षण के दौरान उन्होंने जरूरी सुविधाओं के सम्बन्ध में निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहे इसके लिए सभी स्टाफ को आदेशों का पालन करते हुए उचित मार्गदर्शन करना है ताकि हमारे एकलव्य देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभा सके। सरकार का एकलव्य स्कूल खोले जाने का मकसद पूरा हो सके। इस दौरान प्राचार्य जी शिवा रेड्डी सहित समस्त स्टाफ, बच्चे व कर्मचारी उपस्थित रहें।

### स्केटिंग में बच्चो ने लहराया बस्तर का परचम



**जगदलपुर।** रायपुर में चल रहे रोलर स्केट स्पोर्ट चैंपियनशिप में बस्तर रोलर स्केटिंग क्लब के बच्चो ने शानदार प्रदर्शन कर बस्तर और अपने स्केटिंग क्लब का नाम रोशन किया। जहां अंडर 5 वर्ष से ले के 17 वर्ष से ऊपर के बच्चो ने प्रतियोगिता मे भाग ले के मेडल हासिल किया, क्लब के कोच इरफान खान ने सभी बच्चो के होसला अफजाई करते हुए आगे और भी प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने को कहा है वही सुविधा का अभाव मे बच्चो के कोच इरफान खान और मैनेजर चांदनी ठाकुर के अथक प्रयास एवं प्रोत्साहन से ये संभव हो पाया है, वही एक तरफ बच्चो के माता पिता भी अपने बच्चो के शानदार प्रदर्शन से बेहद खुशी जाहिर की है। 6 बच्चो ने प्रतियोगिता मेडल प्राप्त किये जिनमें नैना साओ 1 गोल्ड, 2 रजत, अर्शिया फातिमा 3 गोल्ड, ऋषित वर्मा 1 रजत 1 कांस्य , मेघा साहू 1 गोल्ड 1 रजत 2 कांस्य , शुभांशु कश्यप 2 कांस्य , वैभव सिंह 1 रजत प्राप्त किए।

### हाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की



**जगदलपुर।** भाजपा नेत्री पूर्व पार्षद लक्ष्मी कश्यप से मिलने भाजपा नेता रजनीश पाणिग्राही रायपुर के नारायणा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान प्रकाश रावल साथ थे।





### गंगामुण्डा, दलपत सागर व महादेव घाट तट में जुटी व्रतियों और दर्शनार्थियों की भीड़


# छठ पर्व पर व्रतियों ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

पुत्र प्राप्ति, समृद्धि एवं मंगलकामना के पर्व छठ पर गुरूवार की शाम शहर के छठ घाटों में व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य

- गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन से तालाब तटों में बना धार्मिक वातावरण

देव को अर्घ्य दिया। शहर के गंगामुंडा,दलपत सागर तालाब व इंद्रावती नदी स्थित महादेव घाट तट पर छठ पूजा के दौरान व्रती अस्तगामी सूर्य को कतारबद्ध होकर अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रो के तालाब व जलाशयों में भी व्रतधारी महिलाए सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। छठघाट में दोपहर से ही छठव्रतियों एवं दर्शनार्थियों के आने का



सिलसिला शुरू हो गया था। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव,कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल गंगामुण्डा तालाब पहुंच व्रतधारी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। जबकि विधायक देव दलपत सागर और इंद्रावती नदी के महादेव घाट तट पहुंच व्रती महिलाओं को शुभकामनाएं दी। गंगामुण्डा तालाब में भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता अपनी पत्नी पार्षद सविता गुप्ता के साथ तालाब में उतर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया।

छठ का पर्व जात-पात और अमीर-गरीब का भेद को खत्म करता है और इस पर्व में हर कोई बराबर होता है। छठ पर्व के तीसरे दिन शाम को आज भगवान भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया गया, जिसकी वजह से हर जगह गंगामुण्डा महादेव घाट दलपत सागर में भक्ति का माहौल बना हुआ है। इसके बाद 8 नवंबर को उदीयमान भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण और चार दिवसीय पर्व का समापन होगा। आज व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य अर्घ्य देने घाट पर पहुंची साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे, इसको लेकर हर जगह तैयारियां पूरी हो गई थी। सूर्य को अर्घ्य देने से बच्चों का जीवन भी सूर्य के समान चमकता है और जीवन में मान सम्मान और यश की भी प्राप्ति होती है। आज गंगामुण्डा दलपतसागर महादेव घाट में बड़ी सँख्या में जनप्रतिनिधियों ने समाज के लोगो से भेंट कर शुभकामनाएं दिये। शुक्रवार को तड़के उगते सूर्य को व्रती अर्घ्य देंगे।

### घाट पर महिलाओं ने की पूजा

**गीदम।** नगर के एक मात्र तालाब में हर वर्ष जुटने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए तैयारी की गयी थी। छठ पूजा सनातन धर्म का एक प्रमुख पर्व है। छठ पूजा सूर्य देव की उपासना का पर्व है। कार्तिक माह की षट्मी तिथि को छठ पूजा की जाती है। यह पर्व चार दिनों तक चलता है। सूर्य उपासना का यह महापर्व सूर्य देव को प्रसन्न करके सन्तान की मनोकामना व कुशलता हेतु मनाया जाता है।





### घाट पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष

सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव गुरुवार शाम स्थानीय गंगामुंडा तालाब,दलपत सागर एवं महादेव धाट पहुंच श्रद्धालुओं एवं व्रतधारियों को छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस पावन अवसर पर प्रदेश वासियों एवं बस्तरवासियो के सुख एवं समृद्धि की कामना किया।

### जतिन ने दी शुभकामनाएं



चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व सूर्य देव और छठी मैया की पूजा को समर्पित है। इस पर्व में माताएं संतान के अच्छे स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं। भारत में इस पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पूर्व महापौर व वरिष्ठ कांग्रेसी जतिन जायसवाल ने छठ पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## 7 माह में 2118 दस्तावेजों से मिला 20.12 करोड़ का राजस्व



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

जमीन रजिस्ट्री में वर्ष 2024-25 में राजस्व का लक्ष्य 45 करोड़ रूपए दिया गया है, जिसमें से सात माह में 2118 दस्तावेजों से 20 करोड़ 12

- जिले के 2023-24 में जमीन रजिस्ट्री का लक्ष्य से 58 .60 फीसदी

लाख 59 हजार 836 रूपए 56.94 फीसदी आय हुई। साथ ही वर्ष 2023-24 पर 7 माह में 58.60 फीसदी हासिल लिया है, जिसमें 2374 दस्तावेजों से 17 करोड़ 93 लाख 26 हजार 215 रुपए का राजस्व मिला है। बताया जा रहा है कि बस्तर जिले में जनवरी से मार्च महीने में जमीन रजिस्ट्री में तेजी आती है। धान खरीदी के बाद किसानों तक जमीनों की रजिस्ट्री के हाथों में पैसा आता है तो लोग भूमि की खरीदी करते हैं। रजिस्ट्री विभाग द्वारा सुगम ऐप बनाया गया है। सुगम ऐप के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

### लक्ष्य पूरा करने में जुटे

वरिष्ठ उप पंजीयक मुकेश कुमार अजापाल ने बताया कि इस संबंध में बताया कि शासन से मिले लक्ष्य को पूरा करने में कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी जुटे हुए हैं।

## मुस्लिम वेलफेयर की अनूठी पहल, नशा से रहो दूर, खेल में आजमाओ हाथ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन शहर में खेल स्पर्धा आयोजित करने जा रही है। यह आयोजन नशा

- ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन का खेल प्रतियोगिता बस्तर में
- क्रिकेट और एथलेटिक्स में खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

छोड़ो, खेल चुनो मुहिम के तहत प्रति वर्ष किया जाता है। इस आयोजन में क्रिकेट लीग सीजन चार मुख्य आकर्षण है। जहां राज्य स्तरीय टीम प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। क्रिकेट के अलावा एथलेटिक प्रतियोगिता 12 साल या उससे कम उम्र के बच्चों के लिए भी आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चे विभिन्न खेलों जैसे दौड़, लॉन्ग जंप, हाइ



जंप, शॉट पुट इत्यादि में भाग ले सकते हैं।

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा बस्तर संभाग संरक्षक हाजी वसीम अहमद ने बताया कि नशा छोड़ो खेल चुनो मुहिम के तहत ऐसे आयोजन प्रदेश में फाउंडेशन द्वारा समय समय पर किए जाते है। फाउंडेशन के संरक्षक फैसल रिज़वी तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज की सोच और हमारा मकसद युवाओं को नशे से छुड़ा कर खेल की ओर आकर्षित करना है, जिससे उनका भविष्य सुनहरा हो सके और वह स्वस्थ रह सके।

### राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट

बस्तर संभाग अध्यक्ष अध्यक्ष साकिब खान ने बताया कि बस्तर में आयोजित अंतर राज्य क्रिकेट की ट्रॉफी लॉन्च करने रायपुर से फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जनाब मोहम्मद सिराज आए हैं। जिनकी मौजूदगी में ट्रॉफी के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता को भी लॉन्च किया गया है। यह अंतर राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता है जो लगातार 12 दिनों तक चलेगी जिसमें ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ की कुल 16 बड़ी टीमें भाग लेंगी। इससे पहले ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के सभी पांचों संभागों की क्रिकेट टीम भी आपस में भिड़ेंगी साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, पुलिस डिपार्टमेंट तथा अधिकारियों के भी शो मैचेस करवाए जाएंगे।

### मानवता की सेवा करने में बस्तर आगे रहा

मोहम्मद सिराज ने बस्तर के इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि बस्तर संभाग हमेशा से मानवता की सेवा करने में आगे रहा है। हमारी सेवा करने के पीछे एक सोच होती है कि कैसे ऐसा कोई आयोजन करें जिससे लोगों का भला हो। नशा किसी भी समाज के लिए एक बुरी चीज है जिसमें सबसे ज्यादा युवा लिप्त हैं, हम उन्हें खेल की तरफ लाकर उनसे ये अपील कर रहे हैं खेलोगे कूदोगे तो स्वस्थ रहोगे और नशा करोगे तो इससे आप अपने साथ साथ अपने परिवार के लिए परेशानी का सबब बनोगे। बस्तर संभाग संरक्षक हाजी वसीम अहमद, बस्तर संभाग अध्यक्ष साकिब खान, बस्तर संभाग सचिव अमान शाह बस्तर जिला अध्यक्ष रशीद पवार बस्तर संभाग की पूरी टीम वा हमशीरा ग्रुप हमारे सहयोगी संस्था आरफा वेलफेयर फाउंडेशन को मैं बधाई देता हूं, आप इसी तरह ये सिलसिला जारी रखें और लोगों को भलाई की तरफ दावत देते रहें।

# पीएमजीएसवाय के ठेकेदार ने पेटी कांट्रेक्टर का रोका भुगतान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

जिले में पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार के कारनामें के चलते एक महिला पेटी ठेकेदार ने लेनदेन को लेकर सीएम से लिखित रूप से शिकायत की है। इधर प्रधानमंत्री

- पेटी ठेकेदार ने पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार पर लेनदेन को लेकर सीएम से की शिकायत

ग्राम सडक योजना विभाग के ठेकेदार अधिकारियो को सीएम के दामाद का मित्र बता कर धौंस दिखा रहे हैं। वहीं ठेकेदार के कार्यो को करवाने के बावजूद पेटी ठेकेदार को भुगतान के लिए विभाग का चक्कर काटने को मजबूर है।





जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता ने जिले में सड़क, पुल, पुलिया, निर्माण कार्यों का अनुबंध स्थानीय महिला पेटी ठेकेदार से कर रखा है। काम कर भुगतान की राशि के लिए पेटी ठेकेदार आज भी भटक रही है। स्थानीय महिला पेटी ठेकेदार नीता शाह ने बताया है कि 4 अक्टूबर को सीएम प्रवास के दौरान पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता पर लेनदेन को लेकर सीएम से शिकायत की गई है ।

उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाय विभाग के ठेकेदार अंकित गुप्ता से अनुबंध कर जिले में सडक पुल - पुलिया का निर्माण करवाया गया। लेकिन ठेकेदार अंकित गुप्ता के द्वारा कार्यो का भुगतान आज तक नही किया गया है। नीता शाह ने आगे बताया कि ठेकेदार अंकित गुप्ता सीएम के दामाद का मित्र बताकर विभाग के अधिकारियों को धौंस दिखाते हुए गुमराह करने काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार अंकिता गुप्ता जिले के क्षेत्रों में सड़क, पुल, पुलिया निर्माण कार्यों को करवाने के लिए पेटी ठेकेदार से सहायता लेकर कार्य करवाते है। लेकिन पेटी ठेकेदारों के द्वारा किये कार्यों का भुगतान नही करते है।

विदित हो कि ऐसे और भी कई पेटी ठेकेदारों का विभिन्न निर्माण कार्यों का कार्य पूरे होने के बावजूद भुगतान नहीं हुआ है। पेटी ठेकेदारों द्वारा कलेक्टर एवं पीएमजीएसवाय के समस्त अधिकारियों को लिखित रूप भुगतान नहीं होने कि शिकायत किया गया है, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पेटी ठेकेदार भुगतान को लेकर भटकने को मजबूत हैं। नीता शाह ने ऐसे ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड व रजिस्ट्रेशन रद करते हुऐ उक्त ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### क्षत्रिय समाज की नई कार्यकारिणी गठन

## सुजीत बने अध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

जय प्रकाश सिंह चौहान की अध्यक्षता में गीदम ब्लाक में निवासरत सभी क्षत्रिय बंधुओं की बैठक हुई। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष ने अध्यक्ष पद हेतु सुजीत सिंह बैस के नाम का प्रस्ताव समाज के समक्ष रखा। जिस पर समाज प्रमुखों ने सहमति जताई व समाज के अन्य सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सुजीत सिंह को क्षत्रिय समाज गीदम का अध्यक्ष चुना। गौरतलब है कि सुजीत सिंह वर्तमान में गीदम नगर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष भी हैं। व्यापारिक एवं सामाजिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने, बड़े एवं छोटों के साथ शालीनता एवं सहज व्यवहार होने के कारण ही इन्हें समाज के अध्यक्ष पद पर आसीन किया गया हैं। क्षत्रिय समाज गीदम को अब आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी इनके कंधों पर होगी।

नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह कुशवाह, सूरज सिंह, सचिव राघवेंद्र सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, सह सचिव रविन्द्र सिंह, सौरभ राठौर, आयुष चौहान, सह कोषाध्यक्ष विवेक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह चौहान, नितेश सिंह, राहुल सिंह, विशाल सिंह कुशवाह, शिवम् सिंह, आयुष सिंह, अजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह, शिव सिंह राठौर, सृजन सिंह को चुना गया। उपरोक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन क्षत्रिय समाज के समस्त सदस्यों के द्वारा बड़ों के मार्गदर्शन में सर्व सम्मति से किया गया।

### ब्लेस बस्तर प्रेयर फेस्टिवल निरस्त

**जगदलपुर।** शहर के मिशन ग्राउंड में 8 से 10 नवम्बर तक होने वाले ब्लेस बस्तर प्रेयर फेस्टिवल को एसडीएम भरत कौशिक ने निरस्त कर दिया है। कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठनों और सर्व आदिवासी समाज ने आपत्ति दर्ज की थी जिस पर एसडीएम ने आज दोनों पक्ष का कथन लिया साथ ही सीएसपी के अभिमत को भी अपने आदेश में उल्लेख करते हुए कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी। आदेश में कहा कि मैदान की क्षमता 10 हजार की है और लगभग 1 लाख की भीड़ 3 राज्य से आने की संभावना है। उन्होंने 3 पेज के आदेश में विस्तार से निरस्त किए जाने के कारणों का उल्लेख किया है। हरिभूमि से चर्चा में इस बात की उन्होंने पुष्टि की है।

